नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 असम के सीएम ने पीतांबरा पीठ में किया पूजन


4 सारी दुनिया के शेयर मार्केट में गिरावट


9 मेक इन इंडिया से महिलाओं को मिला बड़ा रोजगार


8 राफिन्हा की शानदार हैट्रिक बार्सिलोना ने सेविला को हराया

# पांच सीटों पर एनडीए का कब्जा

## राज्यसभा के बिहार, ओडिशा व हरियाणा के 11 सीटों पर हुए मतदान

**नई दिल्ली, 16 मार्च. हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार को मतदान हुआ. बिहार में पांच सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव में एनडीए ने सभी पांच सीटों पर महागठबंधन को क्लीन स्वीप कर दिया. महागठबंधन को झटका तब लगा, जब कांग्रेस और आरजेडी के कुल 4 विधायक वोट देने नहीं पहुंचे, जिससे महागठबंधन का पूरा गणित गड़बड़ा गया. बिहार में इस तरह की जीत से बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव पर बीजेपी ने बड़ा संदेश देने का काम किया है.**

एनडीए के पांच उम्मीदवारों में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर और बीजेपी के प्रदेश महासचिव शिवेश राम मैदान में थे. एनडीए के सभी कैंडिडेट की जीत हो चुकी है. जबकि आरजेडी के एडी सिंह को अपनो से धोखा मिला है. वे चुनाव हार गए.





### तीनों राज्यों में कुल 14 उम्मीदवार मैदान में

- बिहार और ओडिशा में मतदान के दौरान कांग्रेस विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की.
- ओडिशा में भाजपा के मनमोहन सामल, सुजीत कुमार और एनडीए समर्थित उम्मीदवार दिलीप रे ने जीत हासिल की। चौथी सीट पर बीजू जनता दल (बीजेडी) के संतरूप मिश्रा विजयी हुए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद सामल और सुजीत को बधाई दी।
- हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान दो कांग्रेसी विधायकों के वोटों पर आपत्ति के बाद काउंटिंग रोक दी गई. जानकारी के अनुसार बीजेपी के गौरव गौतम और किशन बेदी ने इन दोनों वोटों पर आपत्ति जताई.
- बिहार में एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट डाले हैं. जबकि महागठबंधन की तरफ 37 ने ही वोट डाले.
- हरियाणा में 90 विधायक में से 88 विधायकों ने वोट डाला. विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल वोटिंग से दूर रहे.

### नीतीश कुमार और नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले

जानकारी के अनुसार, चुनाव में बिहार के सीएम नीतीश कुमार और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन को 44-44 वोट मिले. वहीं रामनाथ ठाकुर और उपेंद्र कुशवाहा को 42-42 वोट मिले हैं. 5वीं सीट के लिए पहली वरीयता में बीजेपी कैंडिडेट शिवेश राम को 30 वोट मिले थे.

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है. उन्होंने लिखा- चुनाव की निष्पक्षता और पवित्रता में हस्तक्षेप करने की स्पष्ट कोशिश की जा रही है और इसे चुनाव आयोग को तुरंत रोकना या ठीक करना चाहिए.

# एलपीजी संकट को हरने आया 'शिवालिक'

**45** हजार मीट्रिक टन एलपीजी जहाज में है

**32** लाख घरेलू गैस सिलेंडरों की हो सकती है पूर्ति

### आज दूसरा जहाज पहुंचेगा कांडला बंदरगाह



**नई दिल्ली, 16 मार्च. पश्चिम एशिया की तनावपूर्ण स्थिति के बीच भारतीय जहाज शिवालिक एलपीजी कैरियर गुजरात स्थित मुंद्रा पोर्ट पहुंच चुका है. यह जहाज सोमवार शाम 5 बजे गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंचा, जिसकी जानकारी पहले ही शिपिंग मंत्रालय ने प्रेस से साझा कर दी थी. वहीं दूसरा जहाज नंदा देवी मंगलवार को कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा. इसी बीच एक अन्य भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर जग लाडकी भी संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से लगभग 80,800 टन कच्चा तेल लेकर सुरक्षित भारत के लिए रवाना हुआ है.**

शिवालिक करीब 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर पहुंचा है, जो लगभग 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है. यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था. मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है.

सोमवार को भारत सरकार के मंत्रालयों की प्रेस ब्रीफिंग में पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, शिवालिक एलपीजी कैरियर, जो फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था, होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत पहुंचा. इसके साथ ही सिन्हा ने विश्वास दिलाया कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं. उन्होंने कहा, पिछले 24 घंटों में किसी तरह की घटना की सूचना नहीं मिली है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है. हर जहाज और उसके क्रू मेंबर के साथ संपर्क बना हुआ है. फारस की खाड़ी में होर्मुज स्ट्रेट के पश्चिम में अभी भी भारत के झंडे वाले 22 जहाज मौजूद हैं, जिन पर 611 भारतीय नाविक सवार हैं.

## एक नजर में



### पीएनजी कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहन योजना

**नई दिल्ली.** सरकार ने सोमवार को लोगों से अपील की कि जहां संभव हो वे रसोई गैस के लिए एलपीजी की जगह पाइप के माध्यम से पीएनजी कनेक्शन लें, जिसके लिए कंपनियां विशेष प्रोत्साहन दे रही हैं. कुछ कंपनियों ने 500 रुपये की मुफ्त गैस और कुछ ने जमानत राशि माफ करने की घोषणा की है. सरकार ने यह भी अपील की है कि जिन लोगों के पास एलपीजी और पीएनजी दोनों कनेक्शन हैं वह एलपीजी कनेक्शन वापस कर दें.

### ईडी ने किशन मोदी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भोपाल.** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेजीएफपीपीएल) और अन्य के खिलाफ धन शोधन मामले में किशन मोदी को गिरफ्तार किया है. ईडी के भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को बताया कि आरोपी को भोपाल की एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने 18 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है. यह मामला भोपाल के हबीबगंज थाना और भोपाल की आर्थिक अपराध शाखा में जयश्री गायत्री फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों और अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों पर आधारित है.

### बंगाल डीजीपी और कोलकाता सीपी हटाया

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग ने बड़ा फेरबदल किया है. आयोग ने पीयूष पांडे को हटाते हुए सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है. इसके अलावा, सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है. इसी के साथ चुनाव आयोग ने आज सोमवार को कई शीर्ष अधिकारियों के तत्काल तबादले और नियुक्ति का आदेश जारी किया.

# अस्पताल में आग से 10 की मौत

### कटक जिले के एससीबी और अस्पताल में हादसा

**भुवनेश्वर, 16 मार्च (वार्ता) ओडिशा में कटक जिले के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर में सोमवार को आग लग गई, जिससे 10 मरीजों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य मरीज घायल हो गए, जिनका वर्तमान में आईसीयू में इलाज चल रहा है.**

घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग के साथ अस्पताल पहुंचे. मुख्यमंत्री ने आग लगने के कारणों की न्यायिक जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों के लिए 25,000 रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की. सीएम मांझी के अनुसार, आग लगने का कारण अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में शॉर्ट सर्किट होना माना जा रहा है. यह अस्पताल ओडिशा के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में से एक है. जानकारी के अनुसार आग बगल के आईसीयू और वार्ड में भी फैल गई. घटना के समय, ट्रॉमा केयर आईसीयू में 23 मरीजों का इलाज चल रहा था. सूचना मिलते ही दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे और आग पर काबू पाया.



### हादसे के बाद पीएम मोदी ने की अनुग्रह राशि की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से वित्तीय सहायता की घोषणा की. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी. घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे.

# जल्द ही जीत का जश्न मनाएगा देश : अराघची

## ईरान के विदेश मंत्री ने कहा- ईरान युद्ध का स्थायी अंत चाहता है

**तेहरान, 16 मार्च (वार्ता) ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अपनी भूमि पर अमेरिका और इजरायल के साथ जारी युद्ध का स्थायी अंत चाहता है और उम्मीद है कि देश जल्द ही विजय का जश्न मनाएगा. अराघची ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान ने अपने विरोधियों को कोई संदेश नहीं भेजा है और न ही संघर्षविराम की मांग की है.**

उन्होंने कहा कि यह संघर्ष इस तरह समाप्त होना चाहिए कि भविष्य में दुश्मन दोबारा इस प्रकार की आक्रामक कार्रवाई करने का साहस न कर सकें.





विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले महीने अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के जवाब में ईरान ने तुरंत कई चरणों में जवाबी हमले किए और अमेरिकी तथा इजरायली ठिकानों को निशाना बनाया.

**ट्रम्प की 'नाटो' को धमकी** : यूएस-इजराइल और ईरान की जंग 17 दिनों से जारी है. इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अगर सहयोगी देश ईरान मामले में मदद नहीं करते तो 'नाटो' का भविष्य खराब हो सकता है. एक इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन की मदद की थी, जबकि वह उससे हजारों मील दूर है, अब यह देखना होगा कि सहयोगी देश अमेरिका की मदद करते हैं या नहीं.

ट्रम्प ने ईरान युद्ध की रिपोर्टिंग को लेकर अमेरिकी मीडिया पर तीखा हमला किया है। उन्होंने गलत जानकारी फैलाने वाले मीडिया संस्थानों पर देशद्रोह का मामला चलाने की बात कही है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि अमेरिकी मीडिया को ईरान प्रभावित कर रहा है और ईरान का इस्तेमाल कर गलत जानकारी फैला रहा है।

# हरदीप पुरी की बेटी ने किया 10 करोड़ का मानहानि केस

### जेफरी एपस्टीन के साथ नाम जोड़ने से हैं नाराज

**नई दिल्ली, 16 मार्च. केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की बेटी हिमायनी पुरी ने अपने खिलाफ चल रही कथित झूठी और दुर्भावनापूर्ण खबरों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है. इन खबरों में उनका नाम दोषी करार दिए जा चुके अमेरिकी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जोड़कर दिखाया गया है.**

अपनी याचिका में हिमायनी पुरी ने अदालत से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को उनके खिलाफ अलग-अलग हैंडल्स से पोस्ट किए गए कथित झूठे और मानहानिकारक पोस्ट तुरंत हटाने के निर्देश देने की मांग की है.साथ ही हिमायनी पुरी ने इन पोस्ट्स से उनकी छवि को पहुंचे नुकसान के लिए आरोपी सोशल मीडिया हैंडल्स से 10 करोड़ रुपये का हर्जाना भी मांगा है. याचिका में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और कई सोशल मीडिया हैंडल्स को पक्षकार बनाया गया है. इसके अलावा 'जॉन डो' (अज्ञात व्यक्तियों) के खिलाफ भी आदेश जारी करने की मांग की गई है, जिससे इंटरनेट से इस तरह की आपत्तिजनक और मानहानिकारक सामग्री को हटाया जा सके.

# पंजाब बजट में मुख्यमंत्री सेहत योजना को मिले 2,000 करोड़

### हर परिवार को मिलेगा 10 लाख तक का मुफ्त इलाज

**चंडीगढ़, 16 मार्च (वार्ता) पंजाब सरकार ने राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को ऐतिहासिक मजबूती प्रदान करते हुए बजट 2026-27 में मुख्यमंत्री सेहत योजना के लिए 2,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया है.**

बजट प्रावधान पर सोमवार को चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, हमारा उद्देश्य स्पष्ट है, बीमारी के कठिन समय में किसी भी परिवार को पैसों की चिंता नहीं करनी चाहिए. पंजाब के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा देना हमारी प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अब पंजाब के परिवारों को सरकारी और सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिलेगा. यह कार्यक्रम अब पंजाब के लगभग 65 लाख परिवारों को कवर कर रहा है, जिससे सीधे तौर पर 3 करोड़ निवासियों को सुरक्षा कवच मिला है. लाभार्थियों को 820 से अधिक सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिल रही है.





### पीएम मोदी से मिले सीएम डॉ. यादव

**भोपाल, 16 मार्च.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत कर सौजन्य भेंट की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रदेश में किसान कल्याण वर्ष के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी दी.

**चुनावी जंग** | भवानीपुर से ममता बनर्जी के खिलाफ लड़ेंगे सुवेंदु अधिकारी

# बंगाल में भाजपा की 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**कोलकाता, 16 मार्च. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है. भवानीपुर सीट से सुवेंदु अधिकारी को टिकट दिया है, जिनके सामने सीएम ममता बनर्जी होंगी.**

बंगाल में इस बार दो चरणों में मतदान होने के कारण राजनीतिक दलों को प्रत्याशियों की सूची जारी करने की होड़ मच गई है. वाम मोर्चा ने कांग्रेस, आईएसएफ व तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा नवगठित पार्टी के साथ गठबंधन की प्रतीक्षा न करते हुए प्रत्याशियों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है. वहीं सत्ताधारी पार्टी तृणमूल मंगलवार को अपनी सूची जारी करने जा रही है.



सुवेंदु अधिकारी ने 2021 विधानसभा चुनाव में ममता को नंदीग्राम सीट से हराया था. नंदीग्राम में हार के बाद ममता भबानीपुर से उपचुनाव जीती थीं. भबानीपुर सीट टीएमसी का मजबूत गढ़ मानी जाती है. ममता 2011 से 2021 तक लगातार यहां से विधायक रही हैं. भाजपा ने डायमंड हार्बर से दीपक कुमार हालदार को टिकट दिया है. यह इलाका ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर में आता है. अभी यहां से टीएमसी के पन्नालाल हलदर विधायक हैं. भाजपा ने बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से टिकट दिया है.

### केरल में बीजेपी के 47 कैंडिडेट्स की घोषणा

भाजपा ने बंगाल से पहले केरल में भी उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की. 140 में से 47 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं. पार्टी ने राज्य के भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर को नेमोम सीट से मैदान में उतारा है. चंद्रशेखर 2024 लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम सीट से कांग्रेस सांसद शशि थरूर से हार गए थे. बता दें कि चुनाव आयोग ने रविवार को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया. आयोग ने बताया कि राज्य में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को चुनाव होंगे. वोटों की गिनती 4 मई को असम, केरल और तमिलनाडु के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के साथ ही होगी.

# ऑस्कर 2026 में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा

**नई दिल्ली, 16 मार्च. 98वें अकादमी पुरस्कार समारोह में फिल्म ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेस्ट पिक्चर का ऑस्कर अपने नाम कर लिया। इस फिल्म का मुकाबला से था, लेकिन अंततः यह फिल्म शीर्ष सम्मान जीतने में सफल रही।**

फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध निर्देशक ने किया है। खास बात यह है कि फिल्म को कुल 14 कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था और इनमें से 6 अवॉर्ड जीतकर इसने समारोह में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई। इस फिल्म को बेस्ट पिक्चर के अलावा बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर, अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले, एडिटिंग और कास्टिंग जैसी प्रमुख श्रेणियों में भी पुरस्कार मिले। बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड अभिनेता सीन पेन्न ने जीता, हालांकि वे समारोह में मौजूद नहीं थे। फिल्म की कहानी एक पूर्व क्रांतिकारी की है, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए अपने पुराने दुश्मन से खतरनाक संघर्ष करता है।

